
**आयोजन** बड़ादेव मंदिर का राज्यपाल ने किया लोकार्पण, एक करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से हुआ निर्मित, प्रदेश सरकार ने 2021 में की थी घोषणा

# जनजाति गौरव को पुनर्जीवित करने सरकार कृतसंकल्पित : राज्यपाल





विनय असाटी-राघवेन्द्र झारिया

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह 5 अक्टूबर।** प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा जनजाति गौरव, इतिहास और उनकी संस्कृति को पुनर्जीवित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकर जनजाति गौरव और उनके इतिहास, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है.

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि मप्र में जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. दमोह जिले में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण का मुझे अवसर मिला, इस पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं. बड़ादेव जनजाति समाज के प्रथम पूज्य देव हैं, प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021 में दमोह जिले के चौरई ग्राम पंचायत में बड़ादेव मंदिर निर्माण के संबंध में घोषणा की गई थी, जोकि आज पूर्ण हो गई है. प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने रविवार को दमोह जिले के जबेरा विकासखंड के ग्राम पंचायत चौरई में जनजाति समाज के बड़ादेव आराध्य स्थल पेनठाना मंदिर के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे.

### बड़ादेव की पूजा अर्चना की

उन्होंने कहा कि मैं जनजाति समाज के भाईयों को दमोह जिले में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण के अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं. इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल ने लगभग 1 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से निर्मित बड़ादेव पेनठाना का लोकर्पण किया तथा बड़ादेव पेनठाना में बड़ादेव की पूजा, अर्चना की.

### सरकार लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है

राज्यपाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जनजाति समाज के लोगों के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल से जनजाति समाज के प्रति संवेदना रखते हैं. प्रधानमंत्री द्वारा जनजाति समाज के कल्याण के लिए योजना बनाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की तकलीफ दूर करने के लिए उज्जवला योजना जैसी अभिनव योजना लाई गई है, वहीं गरीब और कमजोर तबके के लोगों के लिए आयुष्मान योजना लाई गई है.

### जनमन योजना हो रही संचालित

उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के सबसे पिछड़ी जातियां बैगा, भारिया और सहरिया वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र सरकार जनमन योजना जैसी अभिनव योजना संचालित कर रही है, जिसमें लगभग 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से बैगा, भारिया और सहरिया समाज के लोगों को सीधा लाभ होगा. राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित धरती आबा योजना के तहत मध्यप्रदेश में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं. जिसका सीधा लाभ जनजाति वर्ग के लोगों को होगा.

### रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लें

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के संपूर्ण जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने जिस अदम्य साहस के साथ अपने राज्य का संचालन किया, मुगलों के आक्रमणों का मुकाबला किया और देश की सुरक्षा के लिए अपना प्राणोत्सर्ग किया. रानी दुर्गावती की इस कुर्बानी से सभी को प्रेरणा लेन की आवश्यकता है.

### मंदिर के लोकार्पण से अभिभूत हूं : उइके

केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग दुर्गादास उइके ने कहा कि प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा दमोह जिले के ग्राम चौरई में आदिवासी बड़ादेव आराधना स्थल पेनठाना के लोकार्पण से मैं अभिभूत हूं. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है.हमारे आदिवासी समाज का उल्लेख ऋग्वेद, त्रेतायुग, द्वापरयुग के विभिन्न प्रसंगों में जनजातीय समाज की सहभागिता रही है. उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के एकलव्य ने जिस प्रकार शिक्षा ली उसकी शिक्षा हमें प्रेरणा देती है.

### पेनपठा को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा : धर्मेंद्र

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चौरई में बड़ादेव आराधना स्थल के लोकार्पण से मैं बहुत अभिभूत हूं. उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ गौंडवाना की महारानी दुर्गावती की कर्मभूमि रही है. उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती के कर्मस्थल पर स्थापित बड़ादेव आराधना स्थल पेनठाना को पर्यटन स्थल बनाया जाएगा.



सागर कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी सागर डॉ. हिमानी खन्ना, पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं : सांसद

समारोह को संबोधित करते हुए दमोह सांसद राहुल सिंह ने कहा कि भारत के किसानों और युवाओं के श्रम का उन्हें उचित लाभ मिले इसके लिए हम सभी को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की आवश् यकता है. उन्होंने कहा कि आगामी दीपावली पर्व एवं अन्य पर्वों में नागरिक और ग्रामीण स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं. इस अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने दमोह जिले के जनजातीय लोक जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। राज्यपाल द्वारा बड़ोदव पेनठाना स्थल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया.

## आदर्श आदि सेवा केंद्र का किया शुभारंभ




प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने जिले के ग्राम सिंग्रामपुर में आदर्श आदि सेवा केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया. इस अवसर पर राज्यपाल ने हितग्राहियों को हित लाभ और प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड प्रदान करते हुए मनजीत सिंह और रंजीत गौड़ को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए दोनों छात्रों से पूछा पढ़ लिख कर क्या बनोगे, दोनों भाइयों ने आत्मविश्वास भरे लहजे में कहा डॉक्टर बनेंगे इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्य हितग्राहियों से भी चर्चा की.

## प्रदर्शनी का किया अवलोकन, महिलाओं से की बातचीत



मंदिर प्रांगण में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिनका राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने अवलोकन किया. महिला व बाल विकास विभाग, आयुष, कृषि विभाग,आजीविका मिशन, तथा सांदीपनि विद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया.इस दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जानकारी ली.आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में महिला स्व सहायता समूह की बहनों से बातचीत कर राज्यपाल ने महिलाओं से पूछा कि समूह में आप लोग कितनी बहने हैं, इससे रोजगार कर आप लोगों की महीने में कितनी आय होती हैं.



## रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

सिग्रामपुर वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पहुंचकर राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने रानी दुर्गावती के 502वें जन्मदिवस के अवसर पर पुष्प अर्पित किए. तदोपरांत राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने प्रतिमा स्थल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पारिजात का पौधा रोपित किया. इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजाति कार्य मंत्रालय दुर्गा दास ऊईके ने भी पुष्प अर्पित करते हुए प्रतिमा स्थल पर पौधारोपित किया.



## आदिवासियों के साथ किया भोजन

प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल और केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गादास उइके ने सिंग्रामपुर में कार्यक्रम के दौरान आदिवासी भाइयों के साथ भोजन किया और आदिवासी भाइयों से आत्मीय चर्चा की. इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन धर्मस्व व धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सहभोज में सहभागिता निभाई.

## राज्यपाल का हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत



प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके गुबरा हेलीपैड पहुंचे.जहां उनका प्रदेश के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिपं अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, अन्य जनप्रति निधियो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

## एक नजर में



### मां बड़ी देवी मंदिर में 5,24000 की आई चढ़ोत्तरी

**नवभारत,दमोह।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां बड़ी देवी मंदिर में शनिवार को दान पेटी खोली गई.जिसमें भक्तों द्वारा चढ़ाई गई दानपेटी राशि, चांदी के जेवरात की गिनती की गई.मां बड़ी देवी मंदिर पुजारी पंडित आशीष कटारे ने बताया कि रशीद, मेला और दान पेटी से कुल 5,24,000 की नगदी, एक जोड़ी चांदी के नेत्र और एक छोटा छत्र माता रानी को अर्पित किया गया है.

### 4 वर्षीय बच्ची की मौत की जांच हेतु चार सदस्यीय समिति गठित

**नवभारत,दमोह।** 29 सितम्बर को मीनाक्षी लोधी उम्र 4 वर्ष 6 माह अज्ञात कीड़े के काटने से जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती हुई थी व उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृतिका के पिता पूरन सिंह लोधी द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदन में लगाये गये आरोपों की निष्पक्ष जांच हेतु 4 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है. इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,महिला बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, मेडिसिन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. विजय पथोरिया को शामिल किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्देशित किया है कि जांच समिति समस्त बिंदुओं की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन आदेश प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर उनके समक्ष आवश्यक रूप से प्रस्तुत की जाये।



### एक जेसीबी और नौ ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**नवभारत,दमोह।** उपसंचालक खनिज फरहत जहां ने बताया कि शिकायत मिली थी हिंडोरिया में अवैध उत्खनन किया जा रहा है. छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें एक जेसीबी और नौ ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर थाना हिंडोरिया में सुपुर्दगी की गई और खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी.



## बारिश ने बढ़ाई किसानों की मुश्किलें

▸ खेतों में सोयाबीन व मक्का की खड़ी और कटी फसल को हो रहा नुकसान

**नवभारत,पथरिया 5 अक्टूबर।** इस बार शायद मानसून बिदाई लेने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके कारण खेतों में सोयाबीन व मक्का की पकी खड़ी और कटी फसल को नुकसान हो रहा है। इस बार किसानों को सोयाबीन और मक्के की फसल से अच्छी उम्मीदे थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। लगातार बारिश से फसलों की कटाई नहीं हो पा रहीं है, जिससे नुकसान की आशंका और ज्यादा बढ़ती दिखाई दे रहीं हैं। इस समय पर कटाई नहीं हो पाने से किसानों में चिंता है। पानी भरे व गीले खेतों में हार्वेस्टर घुसने की कोई गुंजाइश नहीं है और क्षेत्र में किसानों द्वारा बाहर से लाए गए मजदूर हाथ पर हाथ रखे बैठे है, जिनका खर्चा भी किसानों को खल रहा है। इस बार मजदूरी की दरों में भी इजाफा हुआ है।

## पशुपालकों के जीवन में आएगा बदलाव : लखन

▸ राज्यमंत्री ने ग्राम खिरिया छक्का में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का किया शुभारंभ




**नवभारत,दमोह।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 2 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत कल मेरे द्वारा नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में किया गया और इसी तारतम्य में दमोह जिले की पथरिया विधानसभा के ग्राम खिरिया छक्का में इस अभियान का प्रारंभ किया गया।

उन्होंने कहा यहां कि के मंत्री धर्मेंद्र ने काफी अच्छा कम किया है और वह देखने में इसलिए आ रहा है कि घर-घर में यह बछियां दिख रही हैं, नस्ल सुधार हुआ हैं। कही साहीवाल, जर्सी, एचएफ की बछिया दिख रही हैं, निश्चित रूप से काम हुआ हैं, इसी सबंध में सभी लोगों से चर्चा के दौरान कहा कि इसे अभियान की तरह ले, बदलाव इसी से आएगा।

### अभियान को बढ़ाने में सहयोग दें

इस दौरान राज्यमंत्री पशुपालक, कृषक धर्मेन्द्र पटेल और गिरधारी पटेल के घर जाकर, संपर्क कर पशुपालन के संबंध में चर्चा की, सरकार के चल रहे अभियान के संबंध में चर्चा की और पशुपालक के यहां उन्नत नस्ल के गौवंश, भैसवंशीय पशुओं को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बधाई देते हुए कहा इस काम को और बढ़ाने में सहयोग करें। पहले चरण के अभियान में दस या दस से अधिक गौंवश जिन लोगों के पास हैं उनसे संपर्क होगा, उनकी समस्याएं सुनना, उनके लिए और सुधार के लिए क्या कर किया जाए, सुझाव देना शामिल होगा।

### नस्ल सुधार की बात की जायेगी

दूसरे चरण में पांच से लेकर दस गौंवश जिनके पास है उनके पास जाएंगे और तीसरे चरण में 1 पशु से लेकर पांच पशु तक जिनके पास होंगे उनके पास सभी अधिकारी जाकर के उनसे मिलेंगे, उनसे बात करेंगे, नस्ल सुधार आदि बात की जायेगी, बाकी जो चीज विभाग की योजना उनके बारे में भी चर्चा करेंगे, पशुओं को कैसे रखना, किस तरीके से रखना, उनको कब कब आई करना, कब क्या करना है ये सारी जानकारी को इस माध्यम से दी जायेगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यह पहला यूनिक अभियान प्रारंभ किया है, इसके परिणाम आने के बाद इसको और वृहद करके आगे बढ़ाया जाएगा।

## हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष व बाउंड्रीवॉल बनेगी

▸ एमएलबी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की घोषणा



**नवभारत,हटा।** शिक्षक ही आपको ज्ञान देने का काम करते हैं, माता-पिता और शिक्षक की आज्ञा पालन करने वाला छात्र सफ्ल होता है। सरकार नई शिक्षा नीति पर काम कर रही है, 2018 में यह नीति लागू हुई जिसका सबसे पहले क्रियान्वयन में मप्र की भूमिका थी, जिस दिन सारे देश मे लागू होगी उस दिन सभी स्कूल और पाठ्यक्रम एक जैसे होंगे, एक जैसी शिक्षा होगी।

यह बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने हटा के एमएलबी स्कूल में आयोजित शिक्षक सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा सिर्फस्थानीय राज्यो की भाषा अलग हो सकती लेकिन मूल पाठ्यक्रम पूरे देश मे एक जैसा होगा। आने वाले समय में कोई स्कूल भवन विहीन नही रहेगा, कोई जर्जर भवन नही रहेगा।

### शिक्षकों की पदस्थापना की मांग

पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने अपने सम्बोधन में मंत्री श्री सिंह के हटा आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक के लिए शुभकामनाएं दी। मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने स्कूल में आडिटोरियम ,बाउण्ड्रीवॉल, विषय बार शिक्षकों की पदस्थापना की मांग रखी। जिस पर मंत्री सिंह ने मंच से 25 लाख रूपये बाउंड्रीवाल और देवरी

## मौसिया की छेड़खानी से तंग छात्रा ने की आत्महत्या

▸ सुसाइड नोट में लिखा, पापा उसे सख्त सजा दिलवाना, कक्षा 12वीं में अध्ययनरत थीं



**नवभारत,दमोह.**जिले की हटा थाना क्षेत्र में आने वाले एक गांव में कक्षा 12वीं की 17 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने ही मौसिया पर छेड़खानी करने और बदनाम करने का आरोप लगाया है. फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है.

छात्रा के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता है. शुक्रवार दोपहर हटा के ककराई वार्ड में पुताई का काम करने के लिए आया था, तभी उसके बेटे प्रदीप का फोन आया. उसने बताया कि दीदी ने फांसी लगा ली है. हम घर पहुंचे तो बेटी जमीन पर पड़ी थी, उसकी सांस चल रही थी. हम उसे लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में बनगांव के पास उसने दम तोड़ दिया. बेटी के पास सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मौसिया गुप्पू उर्फ गोपाल लोधी पर छेड़खानी कर बदनाम करने का आरोप है. परिजनों ने सुसाइड नोट पुलिस को दिया है.

### बेटी के भावुक शब्द

छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा- पापा मुझे माफ कर देना. आप सबसे हम कभी दूर नहीं जाना चाहते थे, लेकिन सिर्फ उस इंसान के पीछे मैं यह कदम उठा रही हूं. वह इंसान है गुप्पू मेरा मौसिया, छोड़ना मत पापा उसे, सजा दिलवाना. आपकी बेटी का आखिरी बार यही कहना है, ताकि कोई भी इंसान किसी भी बेटी को बदनाम करने से पहले 100 बार सोचे. ऐसा नहीं है कि उसने सिर्फ मुझे बदनाम किया, कई बार छेड़ने की भी कोशिश की, लेकिन मैं चुप रही. इसलिए क्योंकि गलती हर बार लड़कियों की ही मानी जाती है.

### पापा, मेरे बहुत सपने थे

छात्रा ने लिखा- बहुत सपने थे मेरे पापा, लेकिन सपने ही रह गए. आप सबको बहुत प्यारे थे हम, जैसे किसी को हीरा प्यारा होता है, वैसे प्यारे थे. आप सब माफ कर देना मुझे. बहुत प्यार करती है आपकी बेटी आप सबसे. पापा अपना ख्याल रखना. कभी भी मम्मी को मेरी कमी महसूस मत होने देना और मेरे भाई को बहुत प्यार करना. दादा, दादी अपना ख्याल रखना और मामा, मामी मेरे पापा का साथ देना. मेरी मौत को जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ वही है. मेरे पापा का साथ दोगे कि नहीं बोलो मामा-मामी. आप सबको पता है कि मेरी मौत का जिम्मेदार कौन है.